छात्रों की उपस्थिति का डाटा पोर्टल में होगा अपलोड

यूटीयू प्रबंधन के साथ अभिभावक भी जब चाहे तब देख सकेंगे छात्रों की उपस्थिति

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) और इससे संबद्ध सभी संस्थानों में छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। विवि ने उपस्थिति की आनलाइन जानकारी के लिए यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल शुरू किया है। छात्रों की उपस्थित की जानकारी अभिभावकों को भी मिलेगी।

शनिवार को यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विवि की केंद्रीयकृत आनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था शुरू की। कुलपति ने बताया कि यूटीयू और उससे संबद्ध सभी संस्थानों अध्ययरत छात्रों का सभी विषयों के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया है। इसके साथ ही विषयवार आनलाइन टाइम टेबल का संचालन कर कर दिया गया है। इसी आधार पर शिक्षकों की ओर से दैनिक आधार पर पढ़ाए जाने वाले विषयों के बिंदु भी दैनिक उपस्थिति के साथ आनलाइन पोर्टल पर अपलोड होंगे। कुलपति ने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं के मानक के अनुसार न्यूनतम उपस्थिति कम पाई गई तो ऐसे छात्रों को सेमेस्टर परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि विवि स्तर पर डैशबोर्ड तैयार किया गया है, जिसमें सभी विद्यार्थियों की विषयवार दैनिक उपस्थिति का अवलोकन और समीक्षा की जा रही है, ताकि संस्थानों में शैक्षणिक माहौल सशक्त बनाया जा सके। साथ ही गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किए जाने की व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके। कुलपति ने कहा कि विवि ने छात्रों की दैनिक उपस्थिति आनलाइन करने से अभिभावक अपने बच्चे की उपस्थिति के बारे में पूरी जानकारी विवि की वेबसाइट पर उनके रोल नंबर, जन्म तिथि डालकर देख सकेंगे।